
**बैठके** | कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक

# प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश

**सिवनी,नवभारत।** सोमवार 29 दिसम्बर को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समय-सीमा में दर्ज विभिन्न बिंदुओ, सीएम हेल्प लाइन, जनसुनवाई के प्रकरणों सहित हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सीएम कार्यालय, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों की विभागवार समीक्षा कर प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभागवार न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा कर संबंधित विभाग प्रमुखों को सभी लंबित प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।



कलेक्टर श्रीमती पटले ने विभागवार लंबित समय-सीमा में दर्ज प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की तथा सीधे कार्यालय प्रमुखों से चर्चा कर प्रकरणों के लंबित रहने के कारणों को जाना। उन्होंने निर्देशित किया कि समय-सीमा में दर्ज होने वाले प्रत्येक प्रकरण का निराकरण नियमानुसार समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने सभी लंबित प्रकरणों के एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने खाद एवं बीज भंडारण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सभी केन-?द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाओं के साथ ही पर्याप्त भंडारण एवं सुगम वितरण की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

उन्होंने केन्द्रों में पहुंचने वाले किसानों को समयवार टोकन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ताकि सुगम वितरण हो सके। कलेक्टर श्रीमती पटले ने धान उपार्जन की प्रगति की समीक्षा कर केन्द्रों से उपार्जित धान के त्वरित उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिये हैं। उन-?होंने अनुबंधित परिवहनकर्ताओं के माध्यम से वाहन संख्या बढाकर उठाव की गति में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया है साथ ही जिला परिवहन अधिकारी को भी अतिरिक्त वाहनों के अधिग्रहण के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने मंगलवार को जिले के 2029 प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित होने वाले एफएलएन मेले की तैयारियों की जानकारी लेकर गतिविधि के व्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों को दिये है। उन्होंन एफएलएन मेले के दौरान सभी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति के साथ ही साथ अभिभावकों, आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं साहिका की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित जिला अधिकारियों को भी अपने भ्रमण के दौरान अनिवार्य रूप से किसी प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर गतिविधि का अवलोकन करने के लिये निर्देशित किया है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिला परिवहन अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सड़क दुर्घटनाओं में घायल ०?यक्तियों को समय में चिकित्सालय पहुंचाने तथा त्वरित उपचार की व्यवस्था के लिए शासन की राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले में प्राकृतिक खेती को बढावा देने, उत्पादक कृषकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाकर प्रोत्साहित करने के लिए बायर-सेलर मीट जैसी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये हैं।

# आखिकार पत्रकारिता को मिला सम्मान

**उगली, नवभारत।** भाईसाहब देवेंद्र टिंकु यादव जो उगली पोंडी की पावन धरा पर जन्में, एक सामान्य परिवार माताश्री स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी पिता जी कृषक और बडे भाई दिलीप यादव स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत और एक बहिन, अपने जीवन में संघर्ष की कसौटी के सहारे अपनी काबिलियत और कडी मेहनत से हासिल किया यह आयाम...टिंकु भाई ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिक्षा पोंडी, मलारी,उगली व मोहबर्रा के करने के बाद स्नातक हितकारणी कालेज संस्कारधानी जबलपुर से करने के बाद माखन लाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय भोपाल से बेचलर जर्नलिस्म की अपनी पढाई पूर्ण करने के बाद ई टी वी म. प्र. छत्तीसगढ़ में क्राइम रिपोर्टर, एक निजि चैनल के क्राइम धारावाहिक दास्ताने जुर्म में अभिनय कर वर्तमान में महिष्मति नगरी मां जगत तारिणी नर्मदा के पावन तट पर बसे मंडला में विगत पन्द्रह वर्षों का सफर बंसल न्यूज़ म. प्र. छत्तीसगढ़ में दबंग व निर्भिक पत्रकार बनकर आज समाज की सेवा कर रहे हैं, इनकी एक विशेष उपलब्धि जो




पत्रकारिता में सम्मान के रुप में अधिमान्य पत्रकार म. प्र. शाषन के रुप में नियुक्त हुए, आपके उज्जवल भविष्य की कामनायें और आगे भी आप तरक्की के उच्च शिखर पर सदैव प्रगती करें. निश्चित रुप से आपकी इस उपलब्धि ने आपसे जुडे पत्रकार साथियों के लिये प्रेरणा लेकर पत्रकारिता में अपने आपको श्रेष्ठता हाषिल करने के लिये नई उर्जा मिली है, सभी शूभचिंतक, परिवार जन, मित्रगणों ने शुभकामनायें दिये हैं.

# दो चोरों के पास से चोरी में प्रयुक्त लोहे की राड़ एवं कटर बरामद की गई

**सिवनी, नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए निर्देश प्राप्त होते रहें हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 02 घटनाओं का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं।

उल्लेखनीय है कि 25/12/2025 को मोहम्मद अरशद निवासी गरीब नबाज मस्जिद के पास संजय वार्ड सिवनी द्वारा इसकी बुधवाजी बाजार ईदगाह मस्जिद के पास शंकर मढिया कॉम्पलेक्स दुकान न.13 में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड़कर दुकान से लगभग 6000 रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 1019/2025 धारा 331(4), 305 () बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार दिनांक



25/12/2025 को शम्भू दयाल दीक्षित निवासी परतापुर रोड़ बायपास के पास सिवनी के द्वारा शंकर मढिया मंदिर का ताला तोडकर दानपेटी से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर से 3500/- रुपये चोरी एवं दीपक खाद बीज केन्द्र में भी शटर तोडने का प्रयास किया गया था कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 1018/2025 धारा 331 (4),305 () बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना को अंजाम देने करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदिग्धों की तलास पतासाजी की गई जो संदिग्ध सुनील उर्फ बादशाह शिववंशी एवं परवीन उर्फ रवि मरकाम दिनांक 26/12/2025 को रेलवे स्टेशन के पास रात्रि में घूमते फिरते एवं सिवनी शहर में मिले जिसने कड़ाई से पूछताछ करने पर दिनांक 25/12/2025 को शंकर मढिया मंदिर में एवं शंकर मढिया के पास स्थित अंडे की दुकान में चोरी करना बताये जिसके पास से चोरी में प्रयुक्त लोहे की राड़ एवं कटर एवं उक्त स्थानों में चोरी की राशि 9500/-रुपये विधिवत जप्त करने उपरांत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।पूछताछ में चोरों द्वारा बुधवारी शराब दुकान में चोरी करने की तैयारी की करने की बात बतायी थी।

## पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड

आरोपी सुनील उर्फ बादशाह पिता देवराव शिववंशी जाति कतिया निवासी शाहपुर थाना वरूढ जिला अमरावती महाराष्ट्र के विरूध्द महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश में चोरी एवं नकबजनी के 09 प्रकरण एवं मारपीट के 02, आत्महत्या का प्रयास का 01 प्रकरण एवं मु.पो.का के 02 प्रकरण पंजीबध्द है। परवीन उर्फ रवि पिता फूलचंद मरकाम निवासी चाटवा थाना पांढुर्ना के विरूध्द महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश में 05 चोरी एवं नकबजनी एवं 01 मारपीट का प्रकरण पंजीबध्द है। अपराध क्रमांक 1019/2025 धारा 331(4),305 () बीएनएस के अपराध में 6000/- रुपये नकदी। अपराध क्रमांक 1018/2025 धारा 331(4), 305 () बीएनएस के प्रकरण में 3500/- रुपये नकदी। कुल नकदी 9500/- रुपये गिरफ्तार आरोपी:- 1. सुनील उर्फ बादशाह पिता देवराव शिववंशी जाति कतिया उम्र 24 वर्ष निवासी शाहपुर थाना वरूढ जिला अमरावती महाराष्ट्र। परवीन उर्फ रवि पिता फूलचंद मरकाम उम्र 32 वर्ष निवासी चाटवा थाना पांढुर्ना सराहनीय कार्य: थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि जयशंकर उइके, सउनि दिनेश रघुवंशी, सउनि जसवंत ठाकुर, प्र.आर. मनोज पाल, चन्द्रप्रकाश अडमें, पंकज सोलंकी, मिथलेश उइके की विशेष भमिका रहीं हैं

# संभाग स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर 31 से

**सिवनी नवभारत।** सिवनी में आयोजित भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार तथा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के आदेश अनुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी शिवनी श्री शिव सिंह जी कुमरे के मार्गदर्शन में दिनांक 31 दिसंबर 2020 से 4 जनवरी 2026 तक सिवनी जिले के सेंट फ्रांसिस विद्यालय लुघरवाडा सिवनी में संभाग स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिला स्काउटर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस शिविर में सहभागिता करने वाले सभी स्काउट गाइड जिन्होंने द्वितीय सोपान सफलता पूर्ण कर लिया है इस शिविर में शामिल होंगे इस शिविर में सफल होने के पश्चात जिले के यह स्काउट गाइड आगामी 6 माह के पश्चात राज्यपाल पुरस्कार हेतु पात्र होंगे उनके इस सफ़लता से विद्यालय के साथ जिला भी गौरवान्वित होगा इस हेतु सिवनी बरघाट के केवलारी विकासखंड के सभी शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों को जिला अधिकारी कार्यालय द्वारा पत्र के माध्यम से स्काउट गाइड को इस शिविर में अनिवार्य रुप से शामिल करने हेतु निर्देशित किया गया है जबलपुर संभाग के अंतर्गत सिवनी मंडला जबलपुर कटनी के स्काउट गाइड अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे सफल आयोजन हेतु जिले के समस्त शासकीय तथा शासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख से इस शिविर में अनिवार्य रूप से शामिल कराने का अनुरोध एल टी स्काउट विजय शुक्ला द्वारा की गई है इस शिविर की समापन पूर्ण संध्या दिनांक 3 जनवरी 2026 को शाम 5:00 बजे आयोजित की जाएगी अधिक जानकारी हेतु आप दूरभाष9425446804 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ



**सिवनी, नवभारत।** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के समस्त जिलों के साथ जिला सिवनी में भी दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ किया गया है।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि जिले के 1310 ग्रामों में व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान में 214 विभागीय अमला, पशु मैत्री एवं गौ सेवक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। ये टीम जिले के लगभग 10,210 पशुपालकों के घर-घर जाकर प्रत्यक्ष भेंट करेगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में जागरूक करना है, ताकि दुग्ध उत्पादन की मात्रा और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि हो सके। पशुपालकों को संतुलित आहार, टीकाकरण, रोग नियंत्रण, कृत्रिम गर्भाधान तथा उन्नत नस्लों के लाभों की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही पशुपालकों को दुग्ध व्यवसाय को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों, सरकारी योजनाओं, अनुदान एवं सुविधाओं के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान से जिले में पशुपालकों की आय बढ़ाने, रोजगार के अवसर सृजित करने तथा प्रदेश के दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। अभियान के माध्यम से पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# जिले की 2029 शासकीय प्राथमिक शालाओं में 30 को एफएलएन मेला का आयोजन

**सिवनी, नवभारत।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा के?द्र सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार, सत्र 2025-26 में जिले की सभी शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेला तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

जारी आदेशानुसार प्रथम चरण का आयोजन 30 अक्टूबर को सफलतापूर्वक किया गया। इसी क्रम में मेले के द्वितीय चरण का आयोजन मंगलवार 30 दिसंबर को जिले की 2029 शासकीय प्राथमिक शालाओं में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शाला स्तर पर माता/अभिभावक समूह का गठन कर निर्धारित मासिक गतिविधियां कराई जा रही हैं। एफएलएन मेले में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों, माताओं, आंगनवाड़ी के बच्चों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रहेगी। मेले के दौरान बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास से संबंधित शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शिक्षकों द्वारा बच्चों के रिपोर्ट कार्ड भरे जाएंगे, जिनके माध्यम से अभिभावकों को बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। एफएलएन मेला (द्वितीय चरण) के सफल आयोजन, सभी छात्रों एवं अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु समस्त शिक्षकों, संस्था प्रमुखों, जनशिक्षकों, बीएसी, बीआरसीसी एवं एपीसी को निर्देशित किया गया है।

# शैक्षणिक भ्रमण में स्कूली छात्र-छात्राएं गए

**उगली, नवभारत।** मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के आदेश अनुसार राइट टू ईजुकेशन के अंतर्गत जिले के चिन्हित पीएम श्री स्कूल जो केवलारी विधानसभा के अंतर्गत उप तहसील उगली के निकट झित्तर्रा शासकीय हाई स्कूल को मिला है, जिसके अंतर्गत बीते सप्ताह 23 दिसंबर दिन मंगलवार को हाई स्कूल के 26 छात्र-छात्राओं का एक दल शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में शैक्षणिक भ्रमण के लिए अपने क्षेत्र के निकटतम थाना पुलिस थाना उगली में उपस्थित हुए, संस्था प्रभारी प्राचार्य राजाराम रैदास से जब इस विषय पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि बीते माह हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र पलारी मुख्यालय ले जाया गया था, जिसके अंतर्गत इस बार



निकटतम थाना में पुलिस थाना उगली का चयन किया गया, थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार एवं ऐ एस आई सुमेरचंद्र उईके व ऊर्जा महिला डेस्क एवं स्टाफ की उपस्थिति में थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित अपराधों को कैसे पुलिस कंट्रोल करती है, आमजन कैसे पुलिस के संपर्क में आकर अपराधों की जानकारी देते हैं, हमारा पुलिस दल कैसे बचाव करता है, आकस्मिक दुर्घटनाओं में प्राकृतिक आपदाओं में शासन के निर्देशों का जिला पुलिस अधीक्षक महोदय के दिशा निर्देश अनुसार अनु विभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम जांच दल गठित करके बड़े-बड़े अपराधों को अंकुश लगाया जाता है, विगत दो वर्षो से आईबीएनस के तहत कानूनी धाराओं में कुछ फेरबदल किया गया है, जिसके अंतर्गत थाना में एनसीआर, एफ आई आर फिर प्रारंभिक मुलाईजा, साइबर सेल के अंतर्गत काल डीटेल्स,एक्सीडेंटल केस में फॉरेंसिक जांच के लिए बाहर दलों को बुलाकर फारेंसिक जांच, डाग स्क्वाड आदि से गंभीर जांच कैसे की जाती है, बातों को समझाते हुए बच्चों को जागरूकता का संदेश दिए.

निश्चित तौर पर इस प्रकार शैक्षणिक भ्रमण से क्षेत्र में जागरूकता फैलेगी थाना प्रभारी उगली ने नववर्ष के पूर्व अपने थाना क्षेत्र के सभी स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए संदेश दिया है मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट अनिवार्य चौपाया कार चालकों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य सीमित रफ्तार सुरक्षित जीवन, साइबर क्राइम के अंतर्गत आजकल बहुतायत देखा जा रहा है कि इंटरनेट स्मार्टफोन में कुछ अनावश्यक एप्लीकेशंस को डाउनलोड करके मोबाइल गेम्स जिसमें पैसों का लेनदेन होता है। के प्रलोभन में आकर अपनी जरूरी जानकारी को किसी को भी शेयर करके आजकल साइबर फ्रॉड की घटनाएं बहुतायत हो रही है जिसको लेकर भी सतर्कता बरतने के लिए थाना प्रभारी के द्वारा समझाया गया, आदि बातों को समझाते हुए एक दिवासिय कार्यशाला को संपन्न कराया गया.



# 65 विद्यार्थियों को वितरित किये ट्रैक सूट

**अभिभावकों ,ग्रामीणों, प्रतिनिधियों और कर्मचारियों की रही उपस्थिति**

**छपारा, नवभारत।** विगत दिनों विकासखंड छपारा के जनपद शिक्षा केन्द्र छपारा संकुल केन्द्र कौड़ियामाल अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सागर में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के समस्त बच्चों को शुक्रवार को वीर बालदिवस के अवसर पर शाला में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों को ट्रैक सूट प्रदान किये गये। पूरे आयोजन में अधिकतर ग्रामीणजन, अभिभावकगण, पंचायत के प्रतिनिधि गण, शिक्षकगण और संकुल एवं विकासखंड के अधिकारीगणों ने अपनी पूर्णकालिक सहभागिता प्रदान कर कार्यक्रम को भव्य बना दिया। सभी बच्चों को ट्रैक सूट एवं शासन की योजना अंतर्गत पात्र सभी बच्चों को निशुल्क साइकल भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के संयोजक, आयोजक सागर विद्यालय के प्रभारी प्रधानपाठक राजकुमार आमदे ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस आयोजन के संपादन में व्यय राशि का पूर्व निर्धारित एवं संग्रहण प्रक्रिया में कर्मचारियों, ग्रामीणजनों, अभिभावकों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने सहर्ष सहमति एवं स्वेच्छा के साथ सहभागिता की। जिले भर में चल रहे 'गिफ्ट ए डेस्क' कार्यक्रम की ही भांति ये कार्यक्रम भी बच्चों की शाला में लगातार उपस्थिति बढ़ाने उनको शिक्षा के साथ-साथ योग, संस्कृति से जोड़ने हेतु छपारा विकासखंड से नवाचार की शुरुआत है। अभी शाला में उपलब्ध कुल 80 ट्रैक सूट में से आगामी सत्र 2026-27 में कक्षा 1 और कक्षा 6 में प्रवेशित होने वाले बच्चों को भी प्रवेश के समय ट्रैक सूट वितरित किये जावेंगे। कार्यक्रम में सभी बच्चों पालक और ग्रामीणजन सहित शाला के भूमि दानदाता संरक्षक अफरोज मो.खान, चैन कुमार पंचेश्वर, सरपंच नंदलाल अहाके, गंगेश बैस, संतोष राजपूत, रविशंकर ठाकुर (बी आर सी सी), बी ए सी राकेश तिवारी, मंजूलाल इनवाती, घनश्याम सनोड़िया, हर्षित साहू, अल्तमस अंसारी , श्रीमती सोनम रजक ,मो. राजिक खान , सरफराज खान , यूसूफ मो. खान एवं अन्य उपस्थित सभी शिक्षक गणों की उपस्थिति रही।